इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड
ओआईडीबी भवन
प्लॉट नं. 2, सेक्टर 73,
नोएडा 201301 (उत्तर प्रदेश)

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 25/02/2015 को 1300 बजे से पूर्व

खनिज तेल परियोजना का सामरिक भंडारण, पो.ऑ. पादुर, बरास्ता कौप, उडीपी जिला, कर्नाटक को सुरक्षा, निगरानी और सतर्कता सेवाएं

हेतु

सीमित निविदा
आईएसपीआरएल/एमएम/सुरक्षा/पादुर/डीजीआर/2
दिनांक 10.02.2015

# विषय-सूची


| क्रम सं. | मद का विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1 | आवरण पृष्ठ | **1** |
| 2 | विषय सूची | **2** |
| 3 | निविदा आमंत्रण सूचना | **3-4** |
| 4 | निविदा प्रस्तुत करने हेतु जांच सूची | **5** |
| 5 | बिडरों को अनुदेश | **6-12** |
| 6 | निबंधन एवं शर्ते | **13-22** |
| 7 | दरों की अनुसूची (क-अनुबंध) | **23** |

# निविदा आमंत्रण सूचना

**"पादुर में खनिज तेल परियोजना का सामरिक भंडारण को सुरक्षा, निगरानी और सतर्कता सेवाएं" हेतु**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सक्षम एजेंसियों से निम्नलिखित मदों हेतु मुहरबंद मद दर प्रतिस्पर्धी बिड आमंत्रित की जाती है

| क्रम सं. | श्रेणी | सामान्य पाली और तीन पालियों को कवर करने के लिए अपेक्षित संख्या |
|---|---|---|
| 1 | **पर्यवेक्षक** | **1** |
| 2 | **सशस्त्र गार्ड** | **3** |
| 3 | **शस्त्र रहित गार्ड** | **26** |
| **कुल** : | | **30** |

बिड 25.02.2015 को 1300 बजे तक अथवा उससे पूर्व इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड, ओआईडीबी भवन, प्लॉट संख्या 2,सेक्टर-73, नोएडा-201301 (उत्तर प्रदेश) के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। बिड को 25.02.2015 को 1500 बजे भाग लेने वाले बिडरों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खोला जाएगा।

आईएसपीआरएल डाक द्वारा भेजी गई बिडों के विलंब, हानि तथा प्राप्त न होने के लिए किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा और निर्धारित तिथि तथा समय के पश्चात किसी भी कारण से प्राप्त होने वाली बिडरों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। फैक्स/एसएमएस/ई-मेल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आईएसपीआरएल बिना कोई कारण बताएं किसी अथवा सभी बिडों

को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आईएसपीआरएल के पास एक से अधिक एजेंसी को कार्य देने का अधिकार सुरक्षित है।

निविदा प्रस्तुत करने हेतु जांच सूची
(जो लागू हो उसे उचित बॉक्स में चिन्हित करें)

| | | |
|---|---|---|
| **5)** मूल निविदा और प्रस्ताव में शामिल प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर की पुष्टि करें | **हां** | ☐ |
| **6)** सभी मद दरों को बिना किसी शर्त, विपथन के भरे जाने और "मूल्य बिड" चिन्हित मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करने की पुष्टि करे | **हां** | ☐ |
| **1)** बिडरों को यह पुष्टि करनी है कि उद्धृत की गई दरे डीजीआर के नवीनतम परिपत्र सं . 2112नतम न्यू/एसए/ ईएमपी के अनुरूप है/मजदूरी | **हां** | ☐ |

**2)** **ईएमडी/बिड सुरक्षा राशि ब्यौरा :**
**राशि रूपए**

**डिमांड ड्राफ्ट सं**.

**बैंक तथा शाखा जिस पर आहरित है**

है यदि आपको ईएमडी /बिड सुरक्षा राशि प्रस्तुत करने से छूट प्राप्त, तो कृपया छूट की पुष्टि करने वाले दस्तावेज की एक सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करें(

दिनांक :

मुहर सहित निविदाकार के हस्ताक्षर

# <u>बिडरों को अनुदेश</u>

1.0 **प्रस्तावना :**

आईएसपीआरएल भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ओआईडीबी की एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय 301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, नई दिल्ली - 110001 पर स्थित है।

आईएसपीआरएल-पादुर कार्यालय, पादुर, बरास्ता कौप, उडीपी जिला, कर्नाटक में स्थित है। **"खनिज तेल भण्डारण परियोजना के पादुर सामरिक भण्डारण की सुरक्षा, निगरानी तथा सतर्कता "** हेतु सक्षम सुरक्षा एजेंसियों से मुहरबंद दर-सूची बिड आमंत्रित की जाती हैं।

2.0 **बिडों की वैधता**

2.1 बिडर द्वारा प्रस्तुत बिड दृढ़ तथा प्रस्ताव को खोलने की तिथि से 3 माह की अवधि हेतु स्वीकृति के लिए वैध रहेंगी। 3 माह की उक्त मूल्य वैधता अवधि के दौरान बिडर को अपनी बिड वापिस लेने या निरस्त करने अथवा मूल्य में संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी।

3.0 **धरोहर जमा राशि (ईएमडी)/बिड प्रतिभूति**

3.1 बिडर को अपनी बिड के एक भाग के रूप में संविदा मूल्य के 2 प्रतिशत की ईएमडी प्रस्तुत करनी होगी, जोकि अधिकतम 1.0 लाख रूपये (एक लाख रूपये मात्र) के अधीन होगी। ईएमडी संलग्न न होने वाली बिडों को गैर-प्रतिउत्तर वाली माना जाएगा और ऐसी बिडों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। स्वामी प्रस्तुत ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं करेगा। **यदि आपको ईएमडी प्रस्तुत करने से छूट प्राप्त है तो कृपया इस बिड के साथ इसे दर्शाते हुए संगत दस्तावेज की एक छाया प्रति संलग्न करें।**

3.2 **ईएमडी नई दिल्ली में देय इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड के पक्ष में डीडी के रूप में होगी।**

3.3 ईएमडी के रूप में चैक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

3.4 असफल बिडरों की बिड प्रतिभूतियों को संविदा दिए जाने के पश्चात लौटाया जाएगा। तथापि, सफल बिडर की ईएमडी को बिडर द्वारा संविदा निष्पादित करने और प्रारंभिक सुरक्षा जमा/सुरक्षा जमा प्रस्तुत करने पर लौटाया जाएगा।

3.5 ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा -

1) यदि बिडर बिड वैधता की अवधि के दौरान अपनी बिड वापस ले लेता है अथवा निविदा के निबंधन एवं शर्तों का कोई उल्लंघन करता है, अथवा
2) यदि कोई बिडर बिड वैधता की अवधि के दौरान अपनी बिड संशोधित करता सिवाए जब ऐसी किसी संशोधन का आईएसपीआरएल द्वारा लिखित में अनुरोध किया गया हो, अथवा
3) यदि बिड में बिडर द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन का आधार होने वाली सूचना/दस्तावेज को गलत/फर्जी पाया गया हो।
4) यदि सफल बिडर के मामले में, बिडर निर्दिष्ट अवधि के भीतर निम्नलिखित में विफल होता है -

    क. संविदा हस्ताक्षरित करने में

    ख. प्रारंभिक सुरक्षा जमा प्रस्तुत करने में

5) हमारे आशय पत्र जारी करने पर सफल निविदाकार को अनुबंध (प्रारूप संलग्न) पर हस्ताक्षर करने से पूर्व हमें संविदा किए कार्य-निष्पादन हेतु सुरक्षा जमा के रूप में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से संविदा के कुल मूल्य के 10 प्रतिशत को डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा बैंक गारंटी के रूप में प्रस्तु करना होगा जो संविदा अवधि से 3 माह अधिक के लिए वैध होना चाहिए। सुरक्षा जमा पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

4.0 **<u>बिडिंग दस्तावेज का अंतरण</u>**

4.1 किसी एक बिडर को जारी बिडिंग दस्तावेज का किसी अन्य बिडर को अंतरण अनुमेय नहीं है।

5.0 <u>बिड प्रस्तुत करना</u>

5.1 बिड मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी जिसके ऊपर बड़े अक्षरों **में बिडिंग दस्तावेज खोले नहीं** लिखा गया होना चाहिए।

5.2 केवल एतददद्वारा जारी दरों की अनुसूची (एसओआर), जिसमें सभी दर तथा राशियां भरी हों और बिना किसी शर्तों के। मद विवरण में किसी सुधार की अनुमति नहीं है। उद्धृत मूल्यों में सभी सुधारों पर मोहर लगाई गई तथा हस्ताक्षर किए गए होने चाहिए।

6.0 **निविदाओं को प्रस्तुत करने हेतु स्थान तथा पता**

एतद्द्वारा जारी दरों की अनुसूची (एसओआर) में उचित रूप से भरी गई दरों तथा राशियों के साथ हस्ताक्षर/मोहर लगाए गए निविदा दस्तावेजों वाले मुहरबंद लिफाफे को **25.5.2015 को 1300 बजे** से पूर्व **इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड, ओआईडीबी भवन, प्लॉट संख्या 2,सेक्टर-73, नोएडा-201301 (उत्तर प्रदेश)** को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

7.0 **<u>भुगतान का तरीका</u>**

7.1 आईएसपीआरएल, पादुर द्वारा भुगतान बीजक के प्रमाणीकरण की तिथि से 30 दिवस के भीतर किया जाएगा। भुगतान का तरीका सफल बिडर जिसे क्रय आदेश दिया गया है/अनुबंध निष्पादित तथा सेवाएं डिलीवर की गई हैं के पक्ष में आरटीजीएस अथवा क्रास्ड चैक के माध्यम से किया जाएगा।

7.2 भुगतान हेतु बीजक को उपस्थिति तथा अन्य समर्थक दस्तावेज जैसे कि निरीक्षण रिकार्ड/आईएसपीआरएल द्वारा निर्देशित रिपोर्ट/पिछले माह के पीएफ/ईएसआई को प्रस्तुत करने के प्रमाण और अन्य सांविधिक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के पश्चात प्रमाणित किया जाएगा।

8.0 **<u>मूल्य मूल्यांकन</u>**

8.1 अनुबंध-क (मद संख्या 1 से 3 तक दरों की अनुसूची) में उद्धृत मदों को सेवाओं हेतु निम्नतम बिडर निकालने हेतु लिया जाएगा। यदि उद्धृत बिडिंग मूल्य सभी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा समान होता है तो चयन हेतु डीजीआर वेबसाइट पर उपलब्ध सेवा एजेंसी के दर्जे पर विचार किया जाएगा। यदि बिडर द्वारा उद्धृत दरें न्यूनतम मजदूरी से कम हैं तो बिडर को अपात्र कर दिया जाएगा। बिडर को डीजीआर मजदूरी तथा राज्य न्यूनतम मजदूरी में से उच्चतर मूल्य को न्यूनतम मजदूरी के रूप में लेना होगा। **बिडर को न्यूनतम मजदूरी संबंधी समर्थक परिपत्र को संलग्न करना चाहिए जिसके आधार पर मूल्य बिड में दरें उद्धृत की गई हैं।**

9.0 **<u>बिड की भाषा</u>**

बिडर द्वारा तैयार की गई बिड और प्रस्ताव/बिड से संबंधित सभी पत्राचार आदि सहित, इसकी भाषा केवल अंग्रेजी होगी ।

10.0 **<u>निविदा दस्तावेज को प्रस्तुत करना</u>**

10.1 दर को शब्दों तथा अंकों दोनों में भरा जाना चाहिए।

10.2 लिखावट के ऊपर लिखाई से बचना चाहिए (किसी भी सुधार को एक लाइन से काट कर तथा पुनः लिखकर हस्ताक्षर करते हुए किया जाना चाहिए)।

10.3 निविदा दस्तावेज के सभी पृष्ठों पर निविदाकार द्वारा हस्ताक्षर तथा मोहर लगाई जानी चाहिए।

10.4 बिड दस्तावेजों के साथ ईएमडी को संलग्न किया जाना चाहिए।

11.0 **<u>संविदा को सौंपा जाना</u>**

11.1 किसी बिड को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का स्वामी का अधिकार - स्वामी के पास किसी बिड को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने और बिडिंग प्रक्रिया को रद्द करने तथा संविदा दिए जाने से पूर्व किसी भी समय सभी बिडों को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, और ऐसा प्रभावित बिडर या बिडरों के प्रति बिना किसी देयता का वहन किए अथवा प्रभावित बिडर या बिडरों को स्वामी की कार्रवाई हेतु कोई आधार या कारण सूचित करने की बाध्यता के बिना किया जा सकता है।

12.0 **<u>कार्य को सौंपे जाने की अधिसूचना</u>**

12.1 जिस बिडर की बिड स्वामी द्वारा स्वीकार की जाएगी उसे बिड वैधता की समाप्ति से पूर्व स्वीकृति का पत्र/फैक्स (एलओए/एफओए) जारी किया जाएगा। बिडर एलओए/एफओए की एक हस्ताक्षरित प्रति लौटाकर स्वीकृति की पुष्टि करेगा।

12.2 स्वामी को असफल बिडरों को उनकी बिड की गैर-स्वीकृति के संबंध में कोई सूचना/स्पष्टीकरण/व्याख्यान देने की बाध्यता नहीं है। असफल बिडरों को ईएमडी की वापसी के सिवाय, स्वामी केवल सफल बिडर के साथ ही पत्राचार करेगा।

13.0 **<u>संविदा अनुबंध</u>**

13.1 संविदाकार विस्तृत स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से एक निर्दिष्ट अवधि के भीतर संलग्न प्रारूप के अनुसार नई दिल्ली के एक गैर-न्यायिक तथा उचित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर एक औपचारिक संविदा निष्पादित करेगा। गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर की लागत संविदाकार द्वारा वहन की जाएगी।

13.2 अनुबंध हेतु अंतिम संविदा दस्तावेजों को बिड स्वीकृति के पश्चात तैयार किया जाएगा। जब तक कि अंतिम संविदा दस्तावेजों को तैयार तथा निष्पादित नहीं किया जाता, यह बिडिंग दस्तावेज संलग्न दस्तावेजों, स्वामी द्वारा सहमत संशोधनों, विलोपन और तत्संबंधी बिडर की

स्वीकृति के साथ सफल बिडर तथा स्वामी के मध्य उक्त वर्णित दस्तावेजों में समाविष्ट शर्तों और अंततः प्रस्तुत तथा स्वीकार्य मूल्यों के आधार पर एक बाध्यकारी संविदा होगी।

13.3 संविदा दस्तावेज में निम्नलिखित शामिल होंगे -

1) मूल बिडिंग दस्तावेज
2) जारी मूल बिडिंग दस्तावेज में संशोधन/शुद्धि-पत्र, यदि कोई हो
3) आशय-पत्र/स्वीकृति का फैक्स
4) विस्तृत अवार्ड-पत्र/संलग्नकों के साथ स्वीकृति
5) प्रारंभ में संविदा एक वर्ष की अवधि के लिए होगी। इसे सुरक्षा सेवा प्रदाता के संतोषजनक कार्य-निष्पादन और आईएसपीआरएल की आवश्यकता पर और एक वर्ष की अवधि हेतु बढ़ाया जा सकता है।

# <u>निबंधन और शर्तें</u>

**1.0 कार्य का क्षेत्र**

**1.1 <u>सामान्य</u>**

इस निविदा हेतु कार्य का क्षेत्र **खनिज तेल परियोजना का सामरिक भण्डारण, पो.ऑ. पादुर, बरास्ता कौप, उडीपी जिला, कर्नाटक** को सुरक्षा, निगरानी तथा सतर्कता सेवाएं मुहैया करवाना है।

**1.2 जनशक्ति आवश्यकता और शर्तें**

- 3 पालियों में कुल जनशिक्ति आवश्यकता को नीचे दर्शाया गया है -

| क्रम सं. | श्रेणी | सामान्य पाली और तीन पालियों को कवर करने के लिए अपेक्षित संख्या |
|---|---|---|
| 1 | **पर्यवेक्षक** | **1** |
| 2 | **सशस्त्र गार्ड** | **3** |
| 3 | **शस्त्र रहित गार्ड** | **26** |
| **कुल** : | | **30** |

- सफल निविदाकार को डीजीआर दिशानिर्देश के अनुसार अवकाश कवरेज, साप्ताहिक अवकाश आदि भी प्रदान करना होगा।
- पक्षकार को डीजीआर ढांचे अथवा कर्नाटक के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त द्वारा अनुमोदित कर्नाटक राज्य में न्यूनतम मजदूरी ढांचे के आधार पर अनन्य रूप से दरों को उद्धृत करना चाहिए।
- यदि निविदाकार में ईपीएफ के संबंध में छूट ली है तो पक्षकार को निविदा दस्तावेज के साथ उचिव प्राधिकारी से इस संबध में प्राप्त पत्र को प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

- पक्षकार को दिए गए प्रारूप (अनुबंध-क) के अनुसार दर उद्धृत करनी चाहिए जोकि डीजीआर मजदूरी ढांचे पर आधारित है (कृपया दिनांक सहित उस परिपत्र संख्या को निर्दिष्ट करें जिसके आधार पर आपने इन दरों को उद्धृत किया है)।
- सशर्त निविदा को निरस्त माना जाएगा।
- छूट के ब्यौरों के संबंध में अतिरिक्त जानकारी को वैध प्रमाण के साथ हस्ताक्षरक को संबोधित एक कवरिंग नोट के साथ संलग्न करके भेजा जाना चाहिए।
- राज्य भूतपूर्व सेवा सुरक्षा निगम को डीजीआर से जारी अपनी प्रतिभागिता के अनुमोदन को प्रस्तुत करना होगा, जिसके विफल रहने पर हम निविदा पर विचार करने में समर्थ नहीं होंगे और उसे निरस्त कर दिया जाएगा।
- सफल निविदाकार **खनिज तेल परियोजना के सामरिक भण्डारण, पो.ऑ. पादुर, बरास्ता कौप, उडीपी जिला, कर्नाटक** को सुरक्षा, निगरानी और सतर्कता सेवाएं मुहैया करवाएगा। सुरक्षा स्टाफ को इस प्रकार तैनात किया जाएगा कि वह हमारी सुविधा को 24 घंटे पूर्ण निगरानी तथा सुरक्षा कवर मुहैया कवर मुहैया करवाए। तथापि, जनशक्ति आवश्यकता में आईअएसपीआरएल के पूर्ण विवेक पर वृद्धि/कमी की जा सकती है। सफल निविदाकार पादुर क्रूड केवर्न स्थल की सुरक्षा तथा रक्षा हेतु पूर्णतः उत्तरदायी होगा।
- सफल निविदाकार द्वारा तैनात सभी सुरक्षा कार्मिक पुनर्वास महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार भूतपूर्व सैनिक होने चाहिए। यह सुनिश्चित करना उसका उत्तरदायित्व होगा कि कर्मी सदैव उचित तथा सचेत डटयूटी दें और आईएसपीआरएल द्वारा नामित प्रभारी अधिकारी की संतुष्टि के अनुरूप उचित वर्दी में हों।
- सशस्त्र/ शस्त्ररहित सभी सुरक्षा गार्ड भूतपूर्व सैनिक होने चाहिए और इसका प्रमाण हमें नियोजन से पूर्व दिया जाना चाहिए और वे केवल 50 वर्ष से कम आयु के होने चाहिए।

सुरक्षा एजेंसी उसके द्वारा नियोजित कार्मिकों की एक सूची उनके पिता के नाम तथा पते सहित प्रस्तुत भी करेगी। सुरक्षा एजेंसी उसके द्वारा कम्पनी के परिसर में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति की विश्वसनीयता के प्रमाणीकरण हेतु पूर्णतः उत्तरदायी होगी। सुरक्षा एजेंसी को आईएसपीआरएल द्वारा यथा विहित प्रत्येक गार्ड को पहचान-पत्र, नामपट्ट और वर्दी जारी करनी होगी। सफल निविदाकार स्थल परिसर पर उनके कार्यकरण के दौरान हर समय सुरक्षा स्टाफ को उचित वर्दी/सुविधाएं देने को सुनिश्चित करेगा।

- प्रणाली में शामिल किए जाने से पूर्व सुरक्षा स्टाफ को हमारे द्वारा अग्निशामन प्रचालन और डीजी प्रचालन में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। तथापि, आपको प्रशिक्षण की अवधि हेतु किसी पारिश्रमिक का दावा नही करना होगा। आपके स्टाफ को प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने के पश्चात शामिल किया जाएगा।
- एक बार तैनात गार्ड को सुरक्षा चूक का दोषी न पाए जाने तक आईएसपीआरएल द्वारा नामित प्रभारी अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना नहीं हटाया जाएगा और प्रतिस्थापन भी स्थल के प्रभारी अधिकारी की पूर्ण संतुष्टि के अनुरूप ही किया जाएगा।
- संविदा एलओआई की तिथि से एक वर्ष की अवधि हेतु होगी जिसमें संतोषजनक कार्य-निष्पादन के अधीन समान दरों, निबंधन एवं शर्तो पर आईएसपीआरएल के विवेकाधिकार पर और वर्ष की अवधि हेतु विस्तार किया जा सकता है। मजदूरी ढांचा इस अवधि के दौरान स्थिर रहेगा सिवाय डीजीआर, रक्षा मंत्रालय और कर्नाटक राज्य न्यूनतम मजदूरी संशोधन के।
- आपके द्वारा उद्धृत लागत में कम से कम अपेक्षित जनशक्ति के नियोजन की लागत कवर होनी चाहिए, जो किसी भी मामले में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा आवधिक रूप से निर्धारित दरों से कम नहीं हो सकती है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि हेतु प्रावधान पर विचार किया जाएगा।

- प्रदान की गई सेवाओं हेतु भुगतान मासिक आधार पर बिलों को आवश्यक समर्थक दस्तावेजों जैसे कि आपके स्थल पर्यवेक्षक द्वारा जारी नियोजित जनशक्ति के विधिवत प्रमाणित उपस्थिति ब्यौरे, के साथ प्रस्तुत करने पर किया जाएगा। मासिक बिल के साथ ईएसआई/ईपीएफ जमा मोहर लगी प्राप्ति और सेवा कर भुगतान प्राप्ति आदि जैसे प्रमाणों को प्रस्तुत किया जाना होगा। भुगतान उपस्थिति शीट और उक्त उल्लिखित दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा।
- भुगतान मासिक आधार पर इलेक्ट्रोनिक निधि अंतरण द्वारा आपके बिल की प्राप्ति से 15 दिवस के भीतर और आपको देय बिल से प्रभावी बिल से प्रभावी होने वाली वसूली,यदि कोई हो, के पश्चात किया जाएगा। यदि डीडी अपेक्षित है तो बैंक प्रभार आपके द्वारा वहन किए जाएंगे। किसी भी कारण से विलंब के मामले में आईएससपीआरएल द्वारा कोई ब्याज अदा नहीं किया जाएगा ।
- सेवाओं हेतु भुगतान आपके द्वारा नियोजित स्टाफ को पिछले माह की मजूदरी के संवितरण के पश्चात किया जाएगा, जो हमारे परिसर में किसी कंपनी पदाधिकारी की मौजूदगी में सांविधिक लाभों को प्रभावी रूप देने के प्रमाण के पश्चात होगा।
- समय-समय पर यथा लागू आयकर, डब्ल्यूसीटी की कटौती भुगतान को जारी करते समय स्रोत पर की जाएगी।
- सफल निविदाकार उसके द्वारा नियोजित कार्मिकों हेतु मजदूरी, पीएफ, ईएसआईसी, चिकित्सा, बोनस, उपदान, अवकाश, कर्मचारी कल्याण, वर्दी आदि और वर्तमान में तथा एतद्पचात सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा लगाई गई विधि के अंतर्गत संदर्भित अन्य किसी बाध्यता हेतु पूर्ण तथा अनन्य देयता स्वीकार करेगा । सफल निविदाकार को सांविधियों जैसे कि श्रम विधियों, फैक्ट्री अधिनियम आदि का अनुपालन करना होगा और सरकारी निकायों की अपेक्षानुसार रिकार्डों का रखरखाव करना होगा।

- सफल निविदाकार 8 घंटे प्रत्येक की तीन पालियों में जो 0600 बजे से 1400 बजे, 1400 बजे से 2200 बजे और 2200 बजे से प्रातः 0600 बजे तक होंगी, में हमारे परिसर में 24 घंटे हमारे स्थल की निगरानी तथा सतर्कता मुहैया कराएगा। सामान्य पाली का समय 0900 से 1700 बजे तक है। तथापि, उक्त वर्णित जनशक्ति आवश्यकता में आईएसपीआरएल के पूर्ण विवेकाधिकार पर वृद्धि/कमी की जा सकती है। सफल निविदाकार पादुर में स्थित कच्चे तेल केवर्न सुविधाओं, उपकरण और भवनों तथा अन्य परिसंपत्तियों की रक्षा तथा सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। आईएसपीआरएल द्वारा आवश्यकता होने पर पाली समयों को बदला जा सकता है। आवश्यकता होने पर आपके गार्डों को पूर्णतः आवश्यकता आधार पर कम्पनी के वाहनों/स्टाफ के साथ जाने के लिए नियोजित किया जा सकता है।
- सफल निविदाकार कार्य के निष्पादन के संबंध में लागू ऐसे सभी अधिनियमों, देश के कानूनों अथवा अन्य सांविधिक नियमों, विनियमों, उपनियमों का पालन करेगा, जो इस संविदा में शामिल हैं अथवा लागू होते हैं, परन्तु यह न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1946, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947, श्रमिक मुआवजा अधिनियम, 1928, ईएसआई अधिनियम, भविष्य निधि अधिनियम और समय-समय पर इस संबंध में आवश्यक होने वाले ऐसे कदमों को उठाए जाने तक ही सीमित नहीं हैं। सफल निविदाकार आईएसपीआरएल को आपके तथा स्थल पर नियोजित आपके कर्मचारियों द्वारा ऐसे अधिनियमों, नियमों तथा विनियमों आदि के किसी भी उल्लंघन हेतु प्रत्येक प्रकार दंड, दावे तथा देयताओं के प्रति क्षतिपूर्ति के लिए सुरक्षित रखेंगे।
- आईएसपीआरएल की सफल निविदाकार द्वारा कार्य के प्रयोजन हेतु नियोजित व्यक्तियों के संबंध में कोई देयता नहीं होगी। सफल निविदाकार को आईएसपीआरएल को सेवाएं

प्रदान करने हेतु नियोजित अपने कर्मचारियों के कृत्यों से उत्पन्न होने वाले या लगाई गई सभी हानियों, क्षतियों, देयता, दावों के प्रति क्षतिपूर्ति के लिए सुरक्षित रखना होगा।

- सफल निविदाकार सामान्य पाली में अपने पर्यवेक्षकों और अन्य पालियों में जहां किसी एक सुरक्षा गार्ड को पाली प्रभारी के रूप में नामित किया जाता है, वहां पाली प्रभारी को मोबाइल फोन मुहैया करवाएगा।
- सफल निविदाकार को माह में कम से कम एक बार हमारे आईएसपीआरएल, पादुर कार्यालय का दौरा करना चाहिए, अधिमानतः संगठन/एजेंसी के प्रमुख द्वारा।
- सफल निविदाकार को विषयगत कार्य के लिए नियोजित किए जाने की मंशा वाले कार्मिकों की एक पुलिस सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।
- सफल निविदाकार को सुरक्षा संबंधित सुविधाओं अर्थात मेटल डिटेक्टर, मिरर ट्रॉली, सेफ्टी टार्च, सुरक्षा जूते, वीएचएफ सेट, पेज फोन, स्पार्क अरेस्टर, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स आदि को रखे जाने को सुनिश्चित करना होगा।
- आईएसपीआरएल की संपत्ति की चोरी अथवा हानि के मामले में सफल निविदाकार उत्तरदायी होगा और आईएसपीआरएल पदाधिकारियों द्वारा उचित आकलन के पश्चात हानि की प्रतिपूर्ति करेगा और इसमें विफल रहने पर आईएसपीआरएल के पास मासिक मजदूरी बिल में से राशि की कटौती के अलावा कोई अन्य विकल्प नही होगा।
- माध्यस्थम खंड और क्षेत्राधिकार हमारे अनुबंध खंड के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार लागू होगा।
- यदि संविदा की अवधि के दौरान निगम अथवा इसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा यह पाया जाता है कि सफल निविदाकार और उसके कार्मिकों द्वारा प्रदान की गई सेवाएं आईएसपीआरएल की संतुष्टि के अनुरूप नहीं हैं अथवा संविदा की किसी शर्त का उल्लंघन किया गया है, तो आईएसपीआरएल के पास बिना कोई नोटिस दिए संविदा को

समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है। आप तीन माह का पूर्व नोटिस देकर भी संविदा को समाप्त कर सकते हैं।

- यदि नियोजित कर्मचारियों में से कोई कर्मचारी परिसर में अवैध/विधि के विपरीत या अवांछनीय कृत करता है, तो स्थल की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए हम आपको उन कर्मचारियों को बर्खाश्त करने का परामर्श देंगे और उक्त को आपको कार्रवाई करने के लिए तत्काल सूचित किया जाएगा जिसमें आवश्यक प्रतिस्थापन मुहैया करवाना शामिल है। ऐसे प्रतिस्थापनों को तत्काल बिना किसी चूक के मुहैया करवाया जाएगा। इस संबध में प्रधान नियोक्ता द्वारा सफल निविदाकार को किसी मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाएगा।
- अतिरिक्त प्रभार जैसे कि फील्ड भत्ते, सुदूर अथवा उपद्रवग्रस्त क्षेत्र भत्ते आदि का भुगतान आईएसपीआरएल द्वारा नहीं किया जाएगा।
- सभी स्टाफ को सप्ताह में एक बार साप्ताहिक अवकाश, अवकाश की अनुमति होगी और हर समय हमारे परिसर में संख्या को आवश्यकतानुसार बनाए रखा जाएगा।
- हमारी निविदा की सामान्य शर्तों (संलग्न) के अनुसार सभी खंड भी लागू होंगे।
- सफल निविदाकार ड्यूटी के चार्टर और समय-समय पर प्रभारी अधिकारी द्वारा दिए गए प्रचालन अनुदेशों का पालन करेगा।

## 2.0 ड्यूटी का चार्टर :

- 24 घंटे आधार पर संयंत्र गेट और लाइसेंससुद्धा क्षेत्र गेट की निगरानी और लाइसेंसशुद्धा परिसर की गश्त।
- परिसर में प्रवेश करने वाले कर्मचारियों/आगंतुकों/वाहनों तथा इसके क्रू दल की पहचान की जांच करना।

- गेट पास के आधार पर आने तथा जाने वाली सामग्री की जांच करना तथा उसका रिकार्ड रखना। अपेक्षानुसार वाहनों की रजिस्टर (मैनुअल रजिस्टर/कम्प्यूटर) हमारी सैप प्रणाली में प्रविष्टि (प्रवेश/निकास) करना।
- सभी कार्मिकों की जांच/नियंत्रण/खोज/ तलाशी लेना जिसमें आईएसपीआरएल स्टाफ और प्रबंधन की नीति के अनुसार विभिन्न संविदाकारों द्वारा नियोजित स्टाफ शामिल है।
- सुरक्षा गार्डों को केवर्न सुविधाओं में संस्थापित अग्निशामन उपकरण के प्रचालन का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थ अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं। उन्हें हमारे डीजी का प्रचालन और ऑफ-शिफ्ट घंटों के दौरान या आवश्यकता होने पर पावर चेंजओवर करने में भी समर्थ होना चाहिए।
- केवर्न सुविधा परिसर में रखे गए अग्निशामन उपकरण के प्रचालन को सूचित करना तथा उसमें सहायता करना। स्थल पर आने वाले सभी स्टाफ, आगंतुक तथा वाहनों की किसी विस्फोटक या आपत्तिजनक सामग्री/मद के लिए तलाशी लेना/खोज करना।
- किसी अप्रत्याशित घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारी को देना।
- उत्पादों की चोरी को रोकना और चोरी-रोधी उपाय लागू करना।
- प्रबंधन द्वारा इच्छानुसार आगंतुकों, स्टाफ तथा वाहन संचलन रिकार्डों को बनाए रखना।
- व्यक्ति/सामग्री तथा उत्पाद के सभी प्रवेश तथा निकास को रिकार्ड करना और यह प्रभारी अधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए तत्काल उपलब्ध होगा।
- समय-समय पर प्रभारी अधिकारी द्वारा निदेश दिए अनुसार आईएसपीआरएल से संबंधित अन्य कोई कार्य।

**3.0 वैधता :**

बिडर द्वारा उद्धृत मूल्य दृढ़ और निविदा खोले जाने की तिथि से 3 माह की अवधि हेतु वैध रहेगा।

**4.0 भुगतान का तरीका :**

4.1 भुगतान आईएसपीआरएल, पादुर द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने की तिथि से 30 दिवस के भीतर किया जाएगा। भुगतान का तरीका क्रय आदेश दिए गए सफल बिडर के पक्ष में आरटीजीएस अथवा पादुर में देय डीडी/क्रास्ट चैक के माध्यम से किया जाएगा।

**5.0 शासी विधि तथा क्षेत्राधिकार**

क्रय आदेश के निबंधन एवं शर्तें लागू भारतीय विधियों के अनुसार शासित होंगे तथा उनकी व्याख्या इन विधियों के अनुसार की जाएगी और ये नई दिल्ली में स्थित विधि न्यायालय के अधीन होंगे तथा उसे संदर्भित किए जाएंगे, जिसका इन पर अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

**मुहर के साथ बिडर के हस्ताक्षर**

**अनुबंध - क**

## <u>दर अनुसूची</u>

**"पादुर में पादुर खनिज तेल केवर्न को सुरक्षा, निगरानी और सतर्कता सेवाएं"**

| मद सं. | मद का विवरण | संख्या | यूनिट मूल्य प्रति माह (रूपए) | कुल राशि प्रति माह (रूपए) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरक्षा पर्यवेक्षक | 1 | | |
| 2 | सशस्त्र सुरक्षा गार्ड | 3 | | |
| 3 | शस्त्र रहित सुरक्षागार्ड | 26 | | |
| | **प्रति माह कुल राशि** | | | |
| **प्रत्याशित कुल वार्षिक बिलिंग**<br>**अंकों में रूपए -**<br><br>**शब्दों में - रूपए** | | | | |

**टिप्पणी-:**

बिडर को न्यूनतम मजदूरी संबंधी सपोर्टिंग परिपत्र को संलग्नख करना चाहिए उसका उल्ले/
बिड में दरे उद्धृत की गई है।जिसके आधार पर मूल्य

मुहर के साथ बिडर के हस्ताक्षर